रजिस्टर्ड नं० पी०/एम० एम० 14.

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

(असाधारण)

हिमाचल प्रदेश राज्यशासन द्वारा प्रकाशित

शिमला, बुधवार, 30 दिसम्बर, 1987/9 पौष, 1909

विधि विभाग
(विधायी एवं राजभाषा खण्ड)

अधिसूचना

शिमला-2, 20 अगस्त, 1987

संख्या डी० एल० आर० 11/87.—हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश राजभाषा (अनुपूरक उपबन्ध) अधिनियम, 1981 (1981 का 12) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए "दि हिमाचल प्रदेश आयुर्वेदिक एण्ड यूनानी प्रक्टिशनर्स ऐक्ट. 1968 (1968 का 21)" के, संलग्न अधिप्रमणित राजभाषा रूपान्तर

1765-राजपत्र/87-30-12-87—1,268. (2575) मूल्य: 20 पैसे।

को एतद्द्वारा राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित करने का आदेश देते हैं । यह उक्त अधिनियम का राजभाषा (हिन्दी) में प्राधिकृत पाठ समझा जाएगा । और इसके परिणाम स्वरूप भविष्य में यदि उक्त अधिनियम में कोई संशोधन करना अपेक्षित हो तो वह राजभाषा में ही करना अनिवार्य होगा ।

हस्ताक्षरित/-
सचिव (विधि) ।

हिमाचल प्रदेश आयुर्वेदिक तथा यूनानी व्यवसायी अधिनियम, 1968

(1968 का 21)

(5 दिसम्बर, 1968)

(1 सितम्बर, 1986 को यथा विद्यमान)

आयुर्वेदिक और यूनानी चिकित्सा पद्धतियों के व्यवसायियों के रजिस्ट्रीकरण और ऐसी पद्धतियों में आचरण को नियमित करने सम्बन्धी विधि को समेकित करने और संशोधित करने के लिए **अधिनियम** ।

हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा भारत गणराज्य के उन्नीसवें वर्ष में निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो:—

अध्याय-1

प्रारम्भिक

संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ ।

1. (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम, हिमाचल प्रदेश आयुर्वेदिक और यूनानी, व्यवसायी अधिनियम, 1968 है ।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण हिमाचल प्रदेश राज्य पर है ।

(3) यह उस तारीख को प्रवृत्त होगा जो हिमाचल प्रदेश सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियत करे ।

परिभाषाएं ।

2. इस अधिनियम में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) X X X X X

(ख) *"नियत दिन"* से वह तारीख अभिप्रेत है जिसको धारा 1 की उप-धारा (3) के अधीन यह अधिनियम प्रवृत्त होता है,

(ग) "आयुर्वेदिक पद्धति" से अष्टांग आयुर्वेदिक पद्धति और सिद्ध अभिप्रेत है और उसकी आधुनीकृत रूप इसके अन्तर्गत हैं,

(घ) "बोर्ड" से धारा 3 के अधीन स्थापित और गठित हिमाचल प्रदेश आयुर्वेदिक और यूनानी आयुर्विज्ञान पद्धति बोर्ड अभिप्रेत हैं,

(ङ) "निदेशक" से निदेशक आयुर्वेदा, हिमाचल प्रदेश अभिप्रेत है और हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा इस अधिनियम के अधीन निदेशक को शक्तियों का प्रयोग करने और कृत्यों का पालन करने के लिए नियुक्त अधिकारी इसके अन्तर्गत हैं

(घ) "सदस्य" से बोर्ड का सदस्य अभिप्रेत है;

(छ) "राजपत्र" से हिमाचल प्रदेश राजपत्र अभिप्रेत है;

(ज) "व्यवसायी" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो आयुर्वेदिक या यूनानी आयुर्विज्ञान पद्धति का व्यवसाय करता है;

(झ) "विहित" से इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है;

(ञ) "रजिस्टर" से धारा 4 के अधीन रखा गया व्यवसायियों का रजिस्टर अभिप्रेत है;

(ट) "रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी" से वह व्यवसायी अभिप्रेत है जिसका नाम रजिस्टर में प्रविष्ट किया गया है;

(ठ) "रजिस्ट्रार" से धारा 13 के अधीन नियुक्त रजिस्ट्रार अभिप्रेत है;

(ड) "अनुसूची" से इस अधिनियम से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;

(ढ) "अन्तरित राज्य क्षेत्र" से पहली नवम्बर, 1966 को पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 की धारा 5 के अधीन पंजाब राज्य से हिमाचल प्रदेश राज्य को अन्तरित किए गए राज्यक्षत्र अभिप्रेत है, और

(ण) "यूनानी पद्धति" से आयुर्विज्ञान की यूनानी तिब्बी पद्धति अभिप्रत है और इसका आधुनिकृत रूप इसके अन्तर्गत है ।

अध्याय-2

बोर्ड की स्थापना और गठन और व्यवसायियों का रजिस्ट्रीकरण

बोर्ड की स्थापना, गठन और निगमन ।

3. (1) उप-धारा (6) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, इस अधिनियम के उपबन्धों को कार्यान्वित करने के प्रयोजन से, निम्नलिखित सदस्यों से गठित, हिमाचल प्रदेश, आयुर्वेदिक और यूनानी आयुर्विज्ञान पद्धति बोर्ड के नाम से एक बोर्ड स्थापित और गठित किया जाएगा अर्थात:—

(क) निदेशक, आयुर्वेद, हिमाचल प्रदेश, पदेन,

(ख) तीन सदस्य, जिनमें से एक हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त किसी आयुर्वेदिक या यूनानी संस्थान का प्रधानाचार्य होगा,

(ग) पांच सदस्य, जिनम से कम से कम तीन व्यक्ति आयुर्वेदिक या यूनानी पद्धति में डिप्लोमा या डिग्रीधारी होंगे, जो रजिस्ट्रीकृत व्यवसायियों द्वारा अपन म से ही चुने जाएंग ।

(2) बोर्ड, उपर्युक्त नाम से निगमित निकाय होगा जिसका शाश्वत उत्तराधिकार और सामान्य मुद्रा होगी और इस अधिनियम क उपबन्धों के अधीन रहते हुए, जंगम और स्थावर दोनों प्रकार की सम्पत्ति अर्जित, धारण और निपटाने और संविदा करने की शक्ति होगी और वह उपर्युक्त नाम से वाद ला सकेगा या उसके विरुद्ध वाद लाया जा सकगा ।

(3) निदेशक बोर्ड का अध्यक्ष होगा और उपाध्यक्ष सदस्यों द्वारा अपने में से निर्वाचित किया जाएगा ।

(4) उप धारा (1) के खण्ड (ग) में उपबंधित पांच सदस्यों के स्थान, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा निर्वाचन से पूर्व विहित तारीख को यथा गणित उनकी संख्या के अनुपात म आयुर्वेदिक पद्धति का अनुसरण करने वाले रजिस्ट्रीकृत व्यवसायियों और यूनानी पद्धति का अनुसरण करने वाले रजिस्ट्रीकृत व्यवसायियों में वितरित किए जाएंगे:

परन्तु, अनुपात के अवधारण में आधा या उससे कम भाग छोड़ दिया जाएगा और आधे से ज्यादा भाग एक गिना जाएगा और कम से कम एक स्थान यूनानी पद्धति के लिए रखा जाएगा ।

(5) सदस्य का प्रत्येक निर्वाचन या नियुक्ति और सदस्य के पद में प्रत्येक रिक्ति राजपत्र में अधिसूचित की जाएगी ।

(6) जब तक पूर्वगामी उप-धाराओं के उपबन्धों के अनुसार बोर्ड की स्थापना और गठन नहीं किया जाता, हिमाचल प्रदेश सरकार, राज्य सरकार द्वारा नियुक्त, नियुक्त निदेशक सहित और शेष, आयुर्वेदिक या यूनानी पद्धति में डिप्लोमा या डिग्री धारी व्यक्तियों में से या इन दोनों पद्धतियों के व्यवसायियों में से सात सदस्यों से गठित बोर्ड का गठन कर सकगी, और इस प्रकार गठित बोर्ड, इस अधिनियम के प्रारम्भ से और ऐसे प्रारम्भ से पन्द्रह वर्ष से अनधिक अवधि के लिए इस अधिनियम के सभी उपबन्धों क कार्यान्वयन के प्रयोजन के लिए, स्थापित और गठित बोर्ड समझा जाएगा और उप-धारा (3) और (5) के उपबन्ध ऐसे बोर्ड को लागू होंगे ।

सदस्यों का निर्वाचन ।

4. धारा 3 की उप-धारा (1) के खण्ड (ग) के अधीन बोर्ड के सदस्य होने के अधिकारी व्यवसायियों का निर्वाचन, ऐसे समय और स्थान पर और ऐसी रीति में होगा जो विहित की जाए ।

पदावधि ।

5. (1) इस अधिनियम में अन्यथा उपबन्धित के सिवाय, पदेन सदस्य के अतिरिक्त सदस्य, बोर्ड की प्रथम बैठक की तारीख से पांच वर्ष की अवधि क लिए पद धारण करेगा ।

(2) पदावरोही सदस्य, अपने उत्तरवर्ती के निर्वाचन या नियुक्ति पर्यन्त पद पर बना रहेगा ।

(3) पदावरोही सदस्य पुनः निर्वाचन या पुनः नियुक्ति के लिए पात्र होगा ।

रिक्तियां ।

6. (1) यदि सदस्य के पद में, उसकी मृत्यु, त्याग-पत्र, हटाए जाने, निरर्हता या निर्योग्यता या अन्यथा रिक्ति होती है, तो वह रिक्ति धारा 3 म उपबन्धित रीति म भरी जाएगी ।

(2) रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचन या नियुक्ति कोई व्यक्ति धारा 5 में उपबंधित किसी बात क होत हुए भी, कवल उतने समय के लिए धारण करेगा जितन समय क लिए कि, यदि रिक्ति न हुई होती, वह व्यक्ति पद धारण करता जिसके स्थान पर उसे निर्वाचित या नियुक्त किया गया है ।

त्यागपत्र ।

7. कोई भी सदस्य अध्यक्ष को सम्बोधित पत्र द्वारा, किसी भी समय अपने पद का त्याग कर सकगा और त्याग-पत्र उस तारीख से प्रभावी होगा जिसको कि वह उस द्वारा मंजूर किया जाए ।

सदस्य के रूप में बने रहने के लिए निर्योग्यताएं।

8. यदि कोई सदस्य उस अवधि के दौरान जिसके लिए उसे नियुक्त या निर्वाचित किया गया है, ऐसे कारणों के बिना जो बोर्ड की राय में पर्याप्त नहीं है, बोर्ड की तीन क्रमिक साधारण बैठकों से अनुपस्थित रहता है या धारा 9 में वर्णित किसी निर्योग्यता के अधीन आ जाता है, तो बोर्ड उसके पद को रिक्त घोषित कर देगा :

परन्तु, पद को रिक्त घोषित करने से पूर्व, बोर्ड स्पष्टीकरण मांगेगा और उस पर अपना विनिश्चय अभिलिखित करेगा ।

निरर्हताएं।

9. कोई व्यक्ति, सदस्य निर्वाचित या नियुक्त किए जाने के लिए या संदाय के रूप में बने रहने के लिए, निरर्हित होगा,—

(क) यदि वह अव्यस्क है या अनुमोचित दिवालिया है,
(ख) यदि वह विकृत-चित है और सक्षम न्यायालय द्वारा इस रूप में घोषित किया गया है, और ;
(ग) यदि उसका नाम इस अधिनियम के अधीन तैयार किए गए रजिस्टर या सूची से हटा दिया गया है और उसमें पुनः प्रविष्ट नहीं किया गया है।

रिक्तियों आदि का बोर्ड की कार्यवाहियों को अविधिमान्य न करना ।

10. बोर्ड द्वारा, इस अधिनियम के अधीन किया गया कोई कार्य या की गई कार्यवाही केवल—,
(क) बोर्ड में किसी रिक्ति या गठन में त्रुटि, या
(ख) बोर्ड क सदस्य के रूप में कार्य कर रहे व्यक्ति के निर्वाचन या नियुक्ति में कोई त्रुटि या अनियमितता, या
(ग) मामले के गुणागुण को प्रभावित न करने वाले ऐसे कार्य या कार्यवाही में किसी त्रुटि या अनियमितता के आधार पर अविधिमान्य नहीं हो जाएगी।

बोर्ड की बैठकों का समय और स्थान।

11. बोर्ड ऐसे समय और स्थान पर बैठक करेगा और बोर्ड की प्रत्येक बैठक ऐसी रीति से बुलाई जाएगी जैसी कि इस अधिनियम के अधीन बनाए गए विनियमों में उपबन्धित की जाए:

परन्तु जब तक ऐसे विनियम नहीं बनाए जाते, अध्यक्ष द्वारा प्रत्येक सदस्य को संबोधित पत्र द्वारा, ऐसे समय और स्थान पर, जैसा वह समीचीन समझ, बोर्ड की बैठक बुलाना विधिमान्य होगा ।

बोर्ड की बैठक में प्रक्रिया।

12. (1) बोर्ड की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष और उसकी अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष और दोनों की अनुपस्थिति में, बोर्ड के सदस्यों द्वारा अपने में से निर्वाचित व्यक्ति द्वारा की जाएगी ।

(2) बोर्ड की बैठक में, सभी प्रश्नों पर, उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत द्वारा विनिश्चय किया जाएगा:

परन्तु मत बराबर होने की दशा में, यथास्थिति, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष या सभापतित्व करने वाले व्यक्ति का, बोर्ड के सदस्य के रूप म अपने मत के अतिरिक्त, दूसरा या निर्णायक मत होगा और वह उसका प्रयोग करेगा ।

(3) बोर्ड की बैठक में गणपूर्ति पांच सदस्यों से मिलकर बनेगी और धारा 3 की

उप-धारा (6) से निर्दिष्ट बोर्ड की बैठक में गणपूर्ति चार सदस्यों से मिलकर बनेगी:

परन्तु यदि कोई बैठक गणपूर्ति के अभाव में स्थगित की जाती है तो उसीमें काम काज के संव्यवहार के लिए आगामी बैठक में गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी ।

कुल-सचिव और अन्य कर्मचारि-वृन्द ।

13. (1) इस सम्बन्ध में बनाए गये नियमों के अधीन रहते हुए, बोर्ड एक कुल-सचिव को नियुक्ति करेगा जो ऐसा वेतन और भत्ते प्राप्त करेगा और ऐसी सेवा शर्तों के अधीन होगा जो विहित की जाए :

परन्तु जब तक इस प्रकार कुल-सचिव की नियुक्ति नहीं कर दी जाती, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त व्यक्ति, इस अधिनियम के प्रारम्भ से, रजिस्ट्रार समझा जाएगा जो ऐसे वेतन और भत्तों का अधिकारी होगा और सेवा शर्तों के अधीन होगा जो हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अवधारित की जाएं ।

(2) बोर्ड ऐसे अन्य कर्मचारी नियुक्त कर सकेगा जो इस अधिनियम के प्रयोजनों के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक हों और ऐसे कर्मचारी ऐसे वेतन और भत्ते प्राप्त करेंगे और ऐसी सेवा शर्तों के अधीन होंग जो विहित की जाएं ।

1860 का 45 (3) रजिस्ट्रार सहित बोर्ड क सभी कर्मचारी, भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 21 के अर्थ के अधीन लोक सेवक समझे जाएंगे ।

कुल-सचिव के कर्तव्य ।

14. (1) इस अधिनियम के उपबन्धों और तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन रहते हए और बोर्ड के किसी सामान्य या विशेष आदेश के अधीन रहते हुए, रजिस्टर बनाए रखना और बोर्ड के सचिव के रूप में कार्य करना रजिस्ट्रार का कर्त्तव्य होगा ।

(2) रजिस्टर ऐसे प्ररूप में होगा जैसा कि विहित किया जाए और इसमें प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी का नाम, पता और अर्हताएं, एसी अर्हताएं अर्जित करने की तारीख सहित, अन्तर्विष्ट होंगी ।

रजिस्टर निम्नलिखत तीन भागों में विभाजित किया जाएगा, अर्थात्:—

भाग-1 आयुर्वेदिक पद्धति का व्यवसाय करने के लिए अर्हित व्यवसायियों के नामों से युक्त,

भाग-2 यूनानी पद्धति का व्यवसाय करने के लिए अर्हित व्यवसायियों के नामों से युक्त, और

भाग-3 धारा 15 की उप-धारा (2) के अधीन रजिस्ट्रीकृत व्यवसायियों के नामों से युक्त ।

(3) कुल-सचिव रजिस्टर को सही बनाए रखेगा और समय-समय पर व्यवसायियों के पते या अर्हताओं में किसी तात्विक परिवर्तन की प्रविष्टि कर सकेगा । उन रजिस्ट्रीकृत व्यवसायियों के नाम जिनकी मृत्यु हो जाती है या जिनके नाम इस अधिनियम के अधीन हटाए जाने निर्दिष्ट हों, रजिस्टर से हटाए जाएंगे ।

(4) रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी, ऐसी फीस के संदाय पर जो विहित की जाएं, आयुर्वेदिक पद्धति या यूनानी पद्धति में किसी भी अतिरिक्त डिग्री, डिप्लोमा या प्रमाण-पत्र या अन्य मान्यता

प्राप्त चिकित्सा डिग्री, डिप्लोमा या प्रमाण-पत्र, जिसे वह अभिप्राप्त करें, रजिस्टर में प्रविष्टि करवाने का अधिकारी होगा ।

(5) इस धारा के प्रयोजन के लिए कुल-सचिव, रजिस्टर में दर्ज पते पर किसी रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी को रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा, यह जांच करने के लिए कि क्या उसने व्यवसाय करना छोड़ दिया है या अपना निवास बदल लिया है पत्र लिख सकेगा और यदि तीन महीने के अन्दर उक्त पत्र का कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता, तो रजिस्ट्रार, उक्त व्यवसायी का नाम, रजिस्टर से हटा सकेगा:

परन्तु यदि उक्त व्यवसायी के आवेदन पर यह समाधान हो जाता है कि उसने व्यवसाय करना नहीं छोड़ा है, तो बोर्ड निदेश दे सकेगा कि उसका नाम रजिस्टर में पुन: दर्ज कर दिया जाए ।

रजिस्ट्रीकरण

15. (1) अनुसूची-1 में विनिर्दिष्ट किन्हीं अर्हताओं को रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति, इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन रहते हुए और ऐसी फीस के संदाय पर, जैसी विहित की जाए, यथास्थिति, रजिस्टर के भाग-1 या भाग-2 में, ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जैसी विहित की जाएं, अपना नाम दर्ज कराने का हकदार होगा ।

(2) उप-धारा (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, प्रत्येक व्यक्ति जो इस अधिनियम के प्रवृत्त होने की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर कुल-सचिव के समाधानप्रद रूप से साबित कर देता है कि व्यवसायी के रूप में रजिस्ट्रीकृत होने के लिए आवेदन करने की पूर्ववर्ती तारीख को, वह सात वर्ष से अन्यून अवधि के लिए व्यवसायी के रूप में निरन्तर व्यवसाय करता रहा है, इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, और ऐसी फीस के संदाय पर जो इस निमित्त विहित की जाए, रजिस्टर के भाग-3 मे ऐसी शर्तों के अधीन जो विहित की जाएं अपना नाम रजिस्ट्रीकृत करवाने का हकदार होगा ।

(3) कोई भी व्यक्ति, यदि वह अवयस्क है, इस धारा के अधीन रजिस्टर में अपना नाम दर्ज कराने का हकदार नहीं होगा ।

(4) प्रत्येक व्यक्ति जिसका नाम अन्तरित राज्य क्षेत्र में यथा प्रवृत्त, दि पंजाब आयुर्वेदिक एण्ड यूनानी प्रैक्टीशनर्ज ऐक्ट, 1963 की धारा 15 के अधीन रखे गए रजिस्टर में नियत दिन से ठीक पूर्व दर्ज किया गया है, इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, इस अधिनियम के अधीन व्यवसायी के रूप में रजिस्ट्रीकृत माना जाएगा और उसका नाम इस अधिनियम के अधीन बनाए रखे गए रजिस्टर के समीचीन भाग में दर्ज किया जाएगा : 1963 का पंजाब ऐक्ट 42

परन्तु उन व्यक्तियों के मामले में जो दि पंजाब आयुर्वेदिक एण्ड यूनानी प्रैक्टीशनर्ज ऐक्ट, 1963 के अधीन रजिस्ट्रीकृत किए गए थे और इस उप-धारा के अधीन पुन: दर्ज किए जाने हैं, ऐसी फीस के संदाय के लिए उत्तरदायी होंगे जो इस निमित्त विहित की जाएं।

(5) इस धारा के अधीन दर्ज किए गए व्यक्तियों का रजिस्ट्रीकरण, रजिस्टर में प्रविष्टि की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए विधिमान्य होगा और प्रत्येक तीन वर्ष के पश्चात् इसका ऐसी फीस के संदाय पर और ऐसी रीति से, जो इस निमित्त विहित की जाए, नवीकरण किया जाएगा ।

बोर्ड के रजिस्टर आदि में प्रविष्टि प्रतिषेध करने या हटाने का निदेश की शक्ति।

16. (1) बोर्ड, किसी व्यवसायी के नाम की प्रविष्टि का रजिस्टर में प्रतिषेध कर सकेगा या रजिस्टर में से नाम हटाने के आदेश दे सकेगा,—

(क) जिसे दाण्डिक न्यायालय द्वारा नैतिक अधमता से अन्तर्वलित ऐसे अपराध के लिए जो हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा घोषित किया जाए, कारावास का दण्डादेश दिया गया हो, या

(ख) जिसे, बोर्ड द्वारा या तो स्वयं या बोर्ड द्वारा अपने सदस्यों में से इस प्रयोजन के लिए नियुक्त समिति द्वारा की गई उचित जांच के पश्चात्, बोर्ड की बैठक में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के कम-से कम दो तिहाई बहुमत से वृत्तिक अवचार या अन्य कुत्सित आचरण का दोषी पाया गया हो।

(2) बोर्ड, अपना समाधान हो जाने के पश्चात कि समय बीत जाने या अन्य कारण से उप-धारा (1) में वर्णित निर्योग्यता प्रवर्तन में नहीं रही है, निदेश दे सकेगा कि उस व्यक्ति का नाम, जिसके विरूद्ध उप-धारा (1) के अधीन आदेश पारित किया गया है, यथास्थिति दर्ज या पुनः दर्ज किया जाये।

जांच की प्रक्रिया।

17. धारा 16 की उप-धारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन की गई जांच के प्रयोजन के लिए, बोर्ड या बोर्ड द्वारा नियुक्त समिति, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के अर्थ के अन्तर्गत "न्यायालय" समझा जायगा और, यथाशक्य, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 में अधिकथित प्रक्रिया का अनुसरण करेगा।

1872 का 1
1908 का 5

कुल-सचिव के विनिश्चय के विरूद्ध बोर्ड को अपील और बोर्ड की अन्य शक्तियां।

18. (1) किसी व्यक्ति के रजिस्ट्रीकरण या रजिस्टर में किसी प्रविष्टि के बारे में कुल-सचिव के विनिश्चय से व्यथित कोई व्यक्ति, ऐसी फीस के संदाय पर जो विहित की जाए, बोर्ड को अपील कर सकेगा।

(2) उप-धारा (1) के अधीन अपील, उस आदेश के जिसके विरुद्ध अपील की गई है उस की प्रति प्राप्त करने में लगे समय को अपवर्जित करके, आदेश पारित होने के 60 दिन के भीतर दायर की जायगी और बोर्ड द्वारा विहित रीति से उसकी सुनवाई और विनिश्चत किया जाएगा।

(3) बोर्ड, स्वप्रेरणा से या किसी व्यक्ति के आवेदन पर, सम्यक रूप से और उचित जांच के पश्चात् और सम्बन्धित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात रजिस्टर में किसी प्रविष्टि को रद्द या परिवर्तित कर सकेगा, यदि बोर्ड की राय में ऐसी प्रविष्टि कपटपूर्वक या गलत तौर पर की गई थी।

अर्हित व्यवसायी का प्रमाण-पत्र।

19. तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में किसी बात के होते हुए भी,—

(क) "वैध रूप से अर्हित चिकित्सा व्यवसायी या सम्यकरूप से अर्हित चिकित्सा व्यवसायी" पद या चिकित्सा व्यवसायी या चिकित्सा वृत्ति के सदस्य के रूप में विधि द्वारा मान्यता प्राप्त व्यक्ति को घोषित करने वाले किसी शब्द के अन्तर्गत, हिमाचल प्रदेश राज्य में सभी अधिनियमों या विधि का बल रखने वाले अन्य उपबन्धों में और भारत के संविधान की सप्तम अनुसूची की सूची II या III से संबंधित विषयों में, रजिस्टर के भाग I या II में रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी होगा :

परन्तु रूग्णता का प्रमाण-पत्र रजिस्टर को भाग-III में रजिस्ट्रीकृत किसी व्यवसायी द्वारा भी हस्ताक्षरित और जारी किया जा सकेगा।

(ग) रजिस्टर के भाग 1 या भाग 2 में रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी, सरकार द्वारा समर्थित या सरकार से अनुदान प्राप्त कर रहे और आयुर्वेदिक या यूनानी पद्धति के अनुसार रोगियों का उपचार कर रहे किसी आयुर्वेदिक या यूनानी औषधालय या अस्पताल में या ऐसी किसी पद्धति से उपचार करने वाली किसी लोक स्थापना, निकाय या संस्थान में चिकित्सा अधिकारी के रूप में कोई नियुक्ति धारण करने का पात्र होगा; और

(घ) रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी, पदार्थों को उनके कच्चे या विनिर्मित रूप में या ऐसे पदार्थों से युक्त सम्पाक का, प्रयोग करने का अधिकारी होगा बशर्ते कि ऐसे प्रयोग के सम्बन्ध में उन औषधियों के मूल सिद्धांतों के अनुसार उसे उनकी औषध निर्माण क्रिया का ज्ञान हो।

मृत्यु की सूचना।

20. मृत्यु आंकड़ों का प्रत्येक रजिस्ट्रार, रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी की मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर, तुरन्त, रजिस्ट्रार को पत्र द्वारा ऐसी मृत्यु के समय और स्थान की विशिष्टियों सहित, अपने हस्ताक्षर सहित एक प्रमाण-पत्र भेजेगा और ऐसे प्रमाण-पत्र और प्रेषण के खर्च को अपने कार्यालय व्यय क रूप में प्रभारित कर सकेगा।

मृत्यु समीक्षा करने से छूट।

21. तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी को, यदि वह ऐसा चाहे, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1898 (1898 का 5) के अधीन कोई मृत्यु समीक्षा करने से छूट दी जायेगी।

सदस्यों को देय फीस और भत्ते।

22. बोर्ड की बैठक में उपस्थिति के लिए सदस्यों को ऐसी फीस और ऐसे यात्रा और अन्य भत्ते संदत्त किए जायेंगे जैसे कि विहित किए जाएं।

बोर्ड के अभिलेखों को प्रमाणित करने का ढंग।

23. बोर्ड के कब्जे में किसी कार्यवाही, रसीद, आवेदन, योजना, नोटिस, रजिस्टर या अन्य दस्तावेज में प्रविष्टि की प्रति यदि रजिस्ट्रार या बोर्ड द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अन्य किसी व्यक्ति द्वारा सम्यक् रूप से प्रमाणित हो, तो प्रविष्टि या दस्तावेज के विद्यमान होने के प्रथम दृष्टया साक्ष्य क रूप में प्राप्त की जायेगी और प्रत्येक मामले में प्रविष्टि या दस्तावेज और उनमें अभिलिखित विषयों की विद्यमानता के साक्ष्य के रूप में उस सीमा तक ग्राह्य होंगी जिस तक यदि मौलिक प्रविष्टि या दस्तावेज उपाप्त कर लिए जाते तो ऐसे विषयों को साबित करने के लिए ग्राह्य होते।

आदेशों, रजिस्टर में प्रविष्टियों इत्यादि की प्रतियां जारी करने की फीस।

24. बोर्ड या रजिस्ट्रार द्वारा पारित किसी आदेश या रजिस्टर में किसी प्रविष्टि की प्रतियों का प्रदाय, एसी फीस के संदाय पर, जो विहित की जाए, किया जायगा।

बोर्ड द्वारा प्राप्त फीस।

25. इस अधिनियम के अधीन, बोर्ड द्वारा फीस के रूप में प्राप्त सारा धन विहित रीति से इस अधिनियम के प्रयोजनों क लिए उपयोग किया जायगा।

व्यवसायियों की सूची का प्रकाशन।

26. (1) रजिस्ट्रार, प्रत्येक पांच वर्षों में कम-से-कम एक बार, बोर्ड द्वारा नियत की जाने वाली तारीख को या उससे पूर्व रजिस्टर में तत्समय प्रविष्ट सभी व्यवसायियों क नामों और अर्हताओं और उन तारीखों की जिनकी ऐसी अर्हताएं अर्जित की गई थीं, सही सूची, मुद्रित और प्रकाशित करवायेगा।

(2) किसी भी कार्यवाही में, चाहे वह न्यायालय के समक्ष हो या अन्यथा यह उपधारणा की जायेगी कि ऐसी सूची में प्रविष्ट प्रत्येक व्यक्ति रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी है और कोई व्यक्ति जो इस तरह प्रविष्ट नहीं है, रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी नहीं है।

विधि विरुद्ध रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी की उपाधि धारण करने के लिए शास्ति।

27. कोई भी व्यक्ति जो, जानबूझ कर और मिथ्या रूप से यह विवक्षित करते हुए, अपने नाम के साथ कोई उपाधि, विवरण या अभिवर्णन धारण करता है या उसका उपयोग करता है कि वह रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी है, प्रथम अपराध के लिए कारावास से जो छः मास तक का हो सकेगा या जुर्माने से जो दो सौ पचास रुपये तक का हो सकेगा या दोनों से और प्रत्येक पश्चात्वर्ती अपराध के लिए कारावास से, जो दो वर्ष तक का हो सकेगा या जुर्माने से, जो पांच सौ रुपये तक का हो सकेगा या दोनों से, दण्डनीय होगा।

फेरी आदि द्वारा औषधियों का बेचना अपराध होगा।

28. कोई भी व्यवसायी, चाहे वह रजिस्ट्रीकृत हो या नहीं, आयुर्वेदिक या यूनानी पद्धति की किसी औषधि को सार्वजनिक स्थान पर फेरी लगा कर या मजमा लगा कर नहीं बेचेगा।

व्यवसायी करने सम्बन्धी प्रतिषेध।

20. रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी से अन्यथा कोई भी व्यक्ति ऐसी तारीख से जो हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा राजपत्र में अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए, आयुर्वेदिक पद्धति या यूनानी पद्धति का व्यवसाय नहीं करेगा या अपने आप को प्रत्यक्षतः या विवक्षित रूप से, व्यवसाय करते हुए या व्यवसाय की तैयारी करते हुए, प्रकट नहीं करेगा।

शास्ति।

30. कोई भी व्यक्ति जो धारा 28 या धारा 29 के उपबन्धों का उल्लंघन करता है दोष सिद्ध पर जुर्माने से, जो दो सौ रुपये तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा।

अनुसूची-I को संशोधित करने की शक्ति।

31. हिमाचल प्रदेश सरकार, अनुसूची-1 का उसमें किसी अर्हता का परिवर्तन करने या उसमें से विलोप करने के लिए, अधिसूचना द्वारा संशोधन कर सकेगी और उस पर अनुसूची तदनुसार संशोधित समझी जायेगी।

हिमाचल प्रदेश सरकार का नियन्त्रण।

32. यदि हिमाचल प्रदेश सरकार को किसी समय यह प्रतीत हो कि बोर्ड ने इस अधिनियम के अधीन उसे प्रदत्त किसी शक्ति के प्रयोग में उपेक्षा की है या प्रयोग का अतिरेक किया है या दुरुपयोग किया है या इस अधिनियम द्वारा उस पर अधिरोपित किसी कर्तव्य के अनुपालन की उपेक्षा की है, तो हिमाचल प्रदेश सरकार ऐसी उपेक्षा, अतिरेक या दुरुपयोग की विशिष्टियां बोर्ड को संसूचित कर सकेगी, और यदि बोर्ड, ऐसी उपेक्षा, अतिरेक या दुरुपयोग का एसे समय के भीतर जो हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा इस निमित्त नियत किया जाएगा, उपचार करने में असफल रहता है, तो हिमाचल प्रदेश सरकार ऐसी उपेक्षा, अतिरेक या दुरुपयोग के उपचार के प्रयोजन के लिए, बोर्ड की किन्हीं शक्तियों का प्रयोग और कर्तव्यों का अनुपालन एसे अभिकरण द्वारा और ऐसी अवधि के लिए करवा सकेगी जो हिमाचल प्रदेश सरकार उचित समझे।

अपराधों पर विचारण के लिए सक्षम न्यायालय और

33. (1) मैजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय से अन्यथा कोई न्यायालय इस अधिनियम के अधीन किसी अपराध का संज्ञान या विचारण नहीं करेगा।

(2) कोई भी न्यायालय, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा इस निमित्त सशक्त अधिकारी के लिखित परिवाद के सिवाय, इस अधिनियम की धारा 9 क अधीन किसी अपराध का संज्ञान नहीं करेगा।

(ग) रजिस्टर के भाग 1 या भाग 2 में रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी, सरकार द्वारा समर्थित या सरकार से अनुदान प्राप्त कर रहे और आयुर्वेदिक या यूनानी पद्धति के अनुसार रोगियों का उपचार कर रहे किसी आयुर्वेदिक या यूनानी औषधालय या अस्पताल में या ऐसी किसी पद्धति से उपचार करने वाली किसी लोक स्थापना, निकाय या संस्थान में चिकित्सा अधिकारी के रूप में कोई नियुक्ति धारण करने का पात्र होगा; और

(घ) रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी, पदार्थों को उनके कच्चे या विनिर्मित रूप में या ऐसे पदार्थों से युक्त सम्पाक का, प्रयोग करने का अधिकारी होगा बशर्ते कि ऐसे प्रयोग के सम्बन्ध में उन औषधियों के मूल सिद्धांतों के अनुसार उसे उनकी औषध निर्माण क्रिया का ज्ञान हो।

मृत्यु की सूचना।

20. मृत्यु आंकड़ों का प्रत्येक रजिस्ट्रार, रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी की मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर, तुरन्त, रजिस्ट्रार को पत्र द्वारा ऐसी मृत्यु के समय और स्थान की विशिष्टियों सहित, अपने हस्ताक्षर सहित एक प्रमाण-पत्र भेजेगा और ऐसे प्रमाण-पत्र और प्रेषण के खर्च को अपने कार्यालय व्यय के रूप में प्रभारित कर सकेगा।

मृत्यु समीक्षा करने से छूट।

21. तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी को, यदि वह ऐसा चाहे, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1898 (1898 का 5) के अधीन कोई मृत्यु समीक्षा करने से छूट दी जायेगी।

सदस्यों को देय फीस और भत्ते।

22. बोर्ड की बैठक में उपस्थिति के लिए सदस्यों को ऐसी फीस और ऐसे यात्रा और अन्य भत्ते संदत्त किए जायेंगे जैसे कि विहित किए जाएं।

बोर्ड के अभिलेखों को प्रमाणित करने का ढंग।

23. बोर्ड के कब्जे में किसी कार्यवाही, रसीद, आवेदन, योजना, नोटिस, रजिस्टर या अन्य दस्तावेज में प्रविष्टि की प्रति यदि रजिस्ट्रार या बोर्ड द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अन्य किसी व्यक्ति द्वारा सम्यक् रूप से प्रमाणित हो, तो प्रविष्टि या दस्तावेज के विद्यमान होने के प्रथम दृष्टया साक्ष्य के रूप में प्राप्त की जायेगी और प्रत्येक मामले में प्रविष्टि या दस्तावेज और उनमें अभिलिखित विषयों की विद्यमानता के साक्ष्य के रूप में उस सीमा तक ग्राह्य होंगी जिस तक यदि मौलिक प्रविष्टि या दस्तावेज उपाप्त कर लिए जाते तो ऐसे विषयों को साबित करने के लिए ग्राह्य होते।

आदेशों, रजिस्टर में प्रविष्टियों इत्यादि की प्रतियां जारी करने की फीस।

24. बोर्ड या रजिस्ट्रार द्वारा पारित किसी आदेश या रजिस्टर में किसी प्रविष्टि की प्रतियों का प्रदाय, ऐसी फीस के संदाय पर, जो विहित की जाए, किया जायगा।

बोर्ड द्वारा प्राप्त फीस।

25. इस अधिनियम के अधीन, बोर्ड द्वारा फीस के रूप में प्राप्त सारा धन विहित रीति से इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जायगा।

व्यवसायियों की सूची का प्रकाशन।

26. (1) रजिस्ट्रार, प्रत्येक पांच वर्षों में कम-से-कम एक बार, बोर्ड द्वारा नियत की जाने वाली तारीख को या उससे पूर्व रजिस्टर में तत्समय प्रविष्ट सभी व्यवसायियों के नामों और अर्हताओं और उन तारीखों की जिनकी ऐसी अर्हताएं अर्जित की गई थीं, सही सूची, मुद्रित और प्रकाशित करवायेगा।

(2) किसी भी कार्यवाही में, चाहे वह न्यायालय के समक्ष हो या अन्यथा यह उपधारणा की जायेगी कि ऐसी सूची में प्रविष्ट प्रत्येक व्यक्ति रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी है और कोई व्यक्ति जो इस तरह प्रविष्ट नहीं है, रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी नहीं है।

विधि विरुद्ध रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी की उपाधि धारण करने के लिए शास्ति ।

27. कोई भी व्यक्ति जो, जानबूझ कर और मिथ्या रूप से यह विवक्षित करते हुए, अपने नाम के साथ कोई उपाधि, विवरण या अभिवर्णन धारण करता है या उसका उपयोग करता है कि वह रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी है, प्रथम अपराध के लिए कारावास से जो छः मास तक का हो सकेगा या जुर्माने से जो दो सौ पचास रुपये तक का हो सकेगा या दोनों से और प्रत्येक पश्चात्वर्ती अपराध के लिए कारावास से, जो दो वर्ष तक का हो सकेगा या जुर्माने से, जो पांच सौ रुपये तक का हो सकेगा या दोनों से, दण्डनीय होगा।

फेरी आदि द्वारा औषधियों का बेचना अपराध होगा ।

28. कोई भी व्यवसायी, चाहे वह रजिस्ट्रीकृत हो या नहीं, आयुर्वेदिक या यूनानी पद्धति की किसी औषधि को सार्वजनिक स्थान पर फेरी लगा कर या मजमा लगा कर नहीं बेचेगा।

व्यवसायी करने सम्बन्धी प्रतिषेध ।

20. रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी से अन्यथा कोई भी व्यक्ति ऐसी तारीख से जो हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा राजपत्र में अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए, आयुर्वेदिक पद्धति या यूनानी पद्धति का व्यवसाय नहीं करेगा या अपने आप को प्रत्यक्षतः या विवक्षित रूप से, व्यवसाय करते हुए या व्यवसाय की तैयारी करते हुए, प्रकट नहीं करेगा।

शास्ति ।

30. कोई भी व्यक्ति जो धारा 28 या धारा 29 के उपबन्धों का उल्लंघन करता है दोष सिद्ध पर जुर्माने से, जो दो सौ रुपये तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा।

अनुसूची-I को संशोधित करने की शक्ति ।

31. हिमाचल प्रदेश सरकार, अनुसूची-1 का उसमें किसी अर्हता का परिवर्तन करने या उसमें से विलोप करने के लिए, अधिसूचना द्वारा संशोधन कर सकेगी और उस पर अनुसूची तदनुसार संशोधित समझी जायेगी।

हिमाचल प्रदेश सरकार का नियन्त्रण ।

32. यदि हिमाचल प्रदेश सरकार को किसी समय यह प्रतीत हो कि बोर्ड ने इस अधिनियम के अधीन उसे प्रदत्त किसी शक्ति के प्रयोग में उपेक्षा की है या प्रयोग का अतिरेक किया है या दुरुपयोग किया है या इस अधिनियम द्वारा उस पर अधिरोपित किसी कर्तव्य के अनुपालन की उपेक्षा की है, तो हिमाचल प्रदेश सरकार ऐसी उपेक्षा, अतिरेक या दुरुपयोग की विशिष्टियां बोर्ड को संसूचित कर सकेगी, और यदि बोर्ड, ऐसी उपेक्षा, अतिरेक या दुरुपयोग का ऐसे समय के भीतर जो हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा इस निमित्त नियत किया जाएगा, उपचार करने में असफल रहता है, तो हिमाचल प्रदेश सरकार ऐसी उपेक्षा, अतिरेक या दुरुपयोग के उपचार के प्रयोजन के लिए, बोर्ड की किन्हीं शक्तियों का प्रयोग और कर्तव्यों का अनुपालन ऐसे अभिकरण द्वारा और ऐसी अवधि के लिए करवा सकेगी जो हिमाचल प्रदेश सरकार उचित समझे।

अपराधों पर विचारण के लिए सक्षम न्यायालय और

33. (1) मैजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय से अन्यथा कोई न्यायालय इस अधिनियम के अधीन किसी अपराध का संज्ञान या विचारण नहीं करेगा।

(2) कोई भी न्यायालय, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा इस निमित्त सशक्त अधिकारी के लिखित परिवाद के सिवाय, इस अधिनियम की धारा 9 के अधीन किसी अपराध का संज्ञान नहीं करेगा।

अपराधों का संज्ञान।

(3) पुलिस अधिकारी, किसी व्यक्ति को जो इस अधिनियम की धारा 27 और 28 के अधीन दण्डनीय अपराध करता है, वारण्ट के बिना गिरफ्तार कर सकेगा।

सद्भाव से किए गए कार्य का संरक्षण।

34. इस अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों या विनियमों के अधीन, सद्भावपूर्वक की गई या की जाने के लिए आशयित किसी बात के लिए, कोई भी वाद, अभियोजन, या अन्य विधिक कार्यवाही किसी व्यक्ति के विरुद्ध न होगी।

अध्याय-3

निर्वाचन सम्बन्धी विवाद

परिभाषाएं।

35. इस अध्याय में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "एजेण्ट" से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसे उसकी लिखित सहमति से उम्मीदवार द्वारा निर्वाचन में अपने निर्वाचन के प्रयोजन के लिए लिखित रूप में अपना अभिकर्ता, नियुक्त किया है।

(ख) "उम्मीदवार" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसे निर्वाचन में सम्यक् रूप से उम्मीदवार नामनिर्दिष्ट किया गया है या किए जाने का दावा करता है, और ऐसे व्यक्ति को, ऐसे समय से जब वह भावी निर्वाचन में अपने आप को भावी उम्मीदवार के रूप में प्रकट करता है, उम्मीदवार समझा जायेगा;

(ग) "भ्रष्ट आचरण" से अनुसूची-2 में विनिर्दिष्ट कोई आचरण अभिप्रेत है;

(घ) "लागत" से निर्वाचन अर्जी या उससे आनुषंगिक के विचारण की सारी लागत, प्रभार और व्यय अभिप्रेत है;

(ङ) "निर्वाचन" से किसी सदस्य क पद को भरने के लिए निर्वाचन अभिप्रेत है;

(च) "निर्वाचन अधिकार" से किसी व्यक्ति का चुनाव में उम्मीदवार के रूप में खड़ होने या खड़े न होन या हट जाने या मतदान करने या मतदान से विरत रहने का अधिकार अभिप्रेत है;

(छ) "लीडर" से किसी सिविल न्यायालय में उपसंजात होने और किसी अन्य व्यक्ति के लिए अभिवचन करन का अधिकारी कोई व्यक्ति अभिप्रेत है और अधिवक्ता इसके अन्तर्गत है।

निर्वाचन अर्जियां।

36. इस अध्याय के उपबन्धों के अनुसार पेश निर्वाचन अर्जी के सिवाय, कोई निर्वाचन प्रश्नगत नहीं किया जायेगा।

अर्जियों का पेश किया जाना।

37. (1) कोई रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी किसी सदस्य के धारा 3 की उप-धारा (5) के अधीन निर्वाचन को अधिसूचित किए जाने की तारीख से तीस दिन के भीतर और विहित रीति से विहित प्रतिभूति देने पर धारा 49 की उप-धारा (1) में विनिर्दिष्ट एक या अधिक आधारों पर विहित प्राधिकारी को ऐसे सदस्य के निर्वाचन के विरुद्ध लिखित रूप में निर्वाचन अर्जी पेश कर सकेगा।

(2) चुनाव अर्जी विहित प्राधिकारी को दी गई समझी जायेगी—

(क) जब वह विहित प्राधिकारी को निम्नलिखित द्वारा जाती है,—

(i) अर्जी देने वाले व्यक्ति द्वारा, या

(ii) अर्जी देने वाले व्यक्ति द्वारा इस निमित्त लिखित रूप से प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा, या

(ख) जब यह रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजी जाती है और विहित प्राधीकारी को परिदत्त की जाती है।

कार्यों की विषय हेतु।

38. (1) निर्वाचन अर्जी में,—

(क) तात्विक तथ्यों, जिन पर अर्जी निर्भर करती है, का संक्षिप्त कथन प्रस्तुत होगा ;

(ख) ऐसा भ्रष्ट आचरण करने वाले अभिकथित पक्षकारों के नामों की यथा सम्भव पूर्ण विवरणी सहित, अर्जीदार द्वारा अभिकथित किसी भ्रष्ट आचरण की पूर्ण विशिष्टियों और ऐसे आचरण के होने की तारीख और स्थान उपवर्णित किया जायेगा ;

(ग) अर्जीदार द्वारा हस्ताक्षरित की जायेगी और सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) में अभिवचनों के सत्यापन के लिए अधिकथित रीति में सत्यापित की जायेगी :

परन्तु जहां अर्जीदार किसी भ्रष्ट आचरण का अभिकथन करता है, तो अर्जी के साथ ऐसे भ्रष्ट आचरण के समर्थन में विहित प्ररूप में शपथ-पत्र और उसकी विशिष्टियां संलग्न की जायगी।

(2) अर्जी की कोई अनुसूची या उपाबन्ध भी अर्जीदार द्वारा हस्ताक्षरित और उसी रीति से जिसमें कि अर्जी सत्यापित की जाती है, सत्यापित किया जायेगा।

निर्वाचन अर्जी प्राप्त होने पर प्रक्रिया।

39. यदि विहित प्रतिभूति विहित रीति में नहीं दी जाती या अर्जी धारा 37 में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर परिदत्त नहीं की जाती तो विहित प्राधिकारी अर्जी को खारिज कर देगा :

परन्तु अर्जी, अर्जीदार को सुनवाई का अवसर दिए बिना, खारिज नहीं की जायेगी।

निदेशक की अर्जी वापस लेने और हस्तान्तरित करने की शक्ति।

40. निदेशक, पक्षकारों को नोटिस देने के पश्चात् और अभिलिखित किए जाने वाले कारणों से किसी भी प्रक्रम में विहित प्राधिकारी समक्ष लम्बित किसी निर्वाचन अर्जी को वापस ले सकेगा और इसे विचारण के लिए अन्य किसी विहित प्राधिकारी को हस्तान्तरित कर सकेगा, और ऐसे हस्तान्तरण पर विहित प्राधिकारी उस प्रक्रम से विचारण की कार्यवाही करेगा जिससे इसे वापस लिया गया था:

परन्तु ऐसा प्राधिकारी, यदि वह उचित समझे, किसी भी साक्षी को जिसका पहले परीक्षण हो चुका है, पुनः बुला सकेगा और पुनः परीक्षण कर सकेगा।

विहित प्राधिकारी के समक्ष प्रक्रिया।

41. (1) इस अधिनियम के उपबन्धों और तद्धीन बनाए गए किन्हीं नियम के अधीन रहत हुए, विहित प्राधिकारी द्वारा, प्रत्यक निर्वाचन पर सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 (1908 का 5) के अधीन वादों विचारण क लिए लागू प्रक्रिया क यथाशक्य निकटतम, अनुसार विचारण किया जाएगा:

परन्तु विहित प्राधिकारी को अभिलिखित किए जाने वाले कारणों से किसी साक्षी या साक्षियों का परीक्षण करन से इन्कार करने का विवकाधिकार होगा यदि उसकी यह राय हो कि उनका साक्ष्य अर्जी क विनिश्चय क लिए तात्विक नहीं है या साक्षी या साक्षियों को पेश करन वाला पक्षकार तुच्छ आधारों पर या कार्यवाहियों में विलम्ब करने के आशय से ऐसा कर रहा है ।

(2) इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 (1872 का 1) के उपबन्ध हर प्रकार से निर्वाचन अर्जी के विचारण पर लागू समझे जाएंगे ।

विहित प्राधिकारी के समक्ष उपस्थिति ।

42. विहित प्राधिकारी के समक्ष कोई उपस्थिति, आवेदन या कार्य पक्षकार द्वारा स्वयं या उसकी ओर से कार्य करने के लिए सम्यक् रूप से नियुक्त अभिवक्ता द्वारा किया जा सकेगा :

परन्तु विहित प्राधिकारी, जब कभी वह आवश्यक समझे, किसी पक्षकार को व्यक्तिगत रूप में उपस्थित होने का निदेश दे सकेगा ।

विहित प्राधिकारी की शक्ति ।

43. विहित प्राधिकारी को वे शक्तियां प्राप्त होंगी जो सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) के अधीन, निम्नलिखित विषयों से सम्बन्धित वाद पर विचारण करते समय न्यायालय में निहित होती है:—

(क) प्रकटीकरण और निरीक्षण,
(ख) साक्षियों की उपस्थिति कराना और उनके व्ययों के निक्षेप को आवश्यक बनाना,
(ग) दस्तावेज पेश करने के लिए आबद्ध करना,
(घ) शपथ पर साक्षियों का परीक्षण करना,
(ङ) स्थगनों को अनुदत्त करना,
(च) शपथ पर लिए गए साक्ष्य को ग्रहण करना, और
(छ) साक्षियों के परीक्षण के लिए कमीशन जारी करना;

और वह स्वतः किसी व्यक्ति को जिसका साक्ष्य उसे तात्विक प्रतीत हो बुला सकेगा और परीक्षण कर सकेगा, और दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1898 (1898 का 5) की धारा 480 और 482 के अर्थ के अन्तर्गत सिविल न्यायालय समझा अधिकारिता की जाएगा ।

स्पष्टीकरण.—साक्षियों को हाजिर कराने के प्रयोजन के लिए विहित प्राधिकारी की अधिकारिता की स्थानीय सीमाएं हिमाचल प्रदेश राज्य की सीमाएं होंगी ।

दस्तावेजी साक्ष्य ।

44. किसी अधिनियमिति म किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, निर्वाचन अर्जी के विचारण मे कोई दस्तावेज इस आधार पर आग्राह्य नही होगा कि यह सम्यक् रूप से स्टाम्पित या रजिस्ट्रीकृत नहीं है ।

मतदान की गोपनीयता का अतिलंघन न करना ।

45. किसी भी साक्षी या अन्य व्यक्ति के लिए यह विचारण देना आवश्यक नहीं होगा कि निर्वाचन में उसने किस को मतदान किया है ।

अपराध में फंसान वाले प्रश्नों का उत्तर देना और परित्राण

46. (1) किसी भी साक्षी को, निर्वाचन अर्जी के विचारण म विवाध विषय से सुसंगत किसी विषय के बारे में किसी प्रश्न का उत्तर देने से इस आधार पर छूट नहीं दी जाएगी कि ऐसे प्रश्न का उत्तर, उसे अपराध में फंसा सकेगा या फंसाने वाला हो सकेगा या यह उसे शास्ति या समपहरण की आशंका में डालगा या आशंका में डालने

वाला हो सकेगा:—

का प्रमाण-पत्र ।

परन्तु;—

(क) वह साक्षी, जो सब प्रश्नों का सही उत्तर देता है जिनका उत्तर उस द्वारा दिया जाना अपेक्षित है, विहित प्राधिकारी से परित्राण का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का हकदार होगा, और

(ख) विहित प्राधिकारी द्वारा या उसके समक्ष किए गए प्रश्न का, साक्षी द्वारा दिया गया उत्तर, साक्ष्य के सम्बन्ध में, मिथ्याशपथ के लिए किसी दाण्डिक कार्यवाही के मामले के सिवाय, किसी सिविल या दाण्डिक कार्यवाही में, उसके विरुद्ध साक्ष्य में ग्राह्य नहीं होगा ।

(2) जब किसी साक्षी को परित्राण का प्रमाण-पत्र अनुदत्त कर दिया गया हो, तो वह उसका किसी न्यायालय में अभिवचन कर सकेगा और भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 का 45) के अध्याय (अ) के अधीन उस विषय से जिससे ऐसा प्रमाण-पत्र सम्बन्धित है उद्भूत किसी आरोप का या उस पर विस्तृत और पूर्ण प्रतिवाद होगा । किन्तु यह इस अधिनियम या अन्य विधि द्वारा निर्वाचन के सम्बन्ध में अधिरोपित किसी निरर्हता से उसे अवमुक्त करने वाला नहीं समझा जाएगा ।

साक्षियों के खर्चे ।

47. किसी व्यक्ति द्वारा साक्ष्य देने के लिए उपगत उचित खर्चे ऐसे व्यक्ति को विहित प्राधिकारी द्वारा मंजूर किए जा सकेंगे और विहित प्राधिकारी जब तक अन्यथा निदेश न दे, लागत का भाग समझे जाएंगे ।

विहित प्राधिकारी का विनिश्चय ।

48. (1) जहां निर्वाचन अर्जी, धारा 39 के अधीन खारिज नहीं की गई हो, विहित प्राधिकारी निर्वाचन अर्जी की जांच करेगा और जांच की समाप्ति पर,—

(क) निर्वाचन अर्जी को खारिज करने का, या

(ख) चुनाव को अपास्त करने का, आदेश देगा ।

(2) उप-धारा (1) के अधीन आदेश देते समय विहित प्राधिकारी निम्नलिखित आदेश भी करेगा:—

(क) जहां अर्जी में निर्वाचन में किए गए भ्रष्ट आचारण का आरोप लगाया गया हो, निम्नलिखित का अभिलेख करेगा:—

(i) यह निष्कर्ष कि क्या निर्वाचन में किसी भ्रष्ट आचरण का किया जाना साबित हुआ है और उस भ्रष्ट आचरण की प्रकृति,

(ii) सभी व्यक्तियों के नाम, यदि कोई हो, जो विचारण में किसी भ्रष्ट आचरण के दोषी साबित हुए हैं और उस आचरण की प्रकृति, और

